

## महामंडलेश्वर का मां नर्मदा परिक्रमा के दौरान आगमन



**पानसेमल।** धरमपुरी श्रीराम धाम से मां नर्मदा परिक्रमा की शुरूआत करते हुए महामंडलेश्वर मिथिला विहारी दास महाराज एवं धरमपुरी विधायक कालुसिंह ठाकुर के नगर आगमन पर द्मजनप्रतिनिधियों, नगरवासियों ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि मां नर्मदा की कलयुग में प्रदक्षणा करता है उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। हमारी कोई कामना नहीं है, हम यही चाहते हैं कि सभी में सद्भाव और सद्बुद्धि आए। वे तीसरी बार परिक्रमा कर चुके हैं। इस बार वे धरमपुरी के विधायक कालुसिंह ठाकुर के साथ नर्मदा परिक्रमा पर निकले हैं। धरमपुरी विधायक कालुसिंह ठाकुर ने कहा कि जीवन दायिनी पवित्र पावनी मां नर्मदा की परिक्रमा विदेश से आकर श्रद्धालु कर रहे हैं। हम तो मां नर्मदा के निकट ही हैं, हम क्यों नहीं कर सकते। जिसके बाद गुरुजी से चर्चा कर उन्होंने मां नर्मदा परिक्रमा शुरू की। दोडवाडा आश्रम के स्वामी परमेश्वरानंद महाराज भी मौजूद रहे, जिनका भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नप सीएमओ संतराम चौहान, नप के प्रभारी लेखापाल अमित शाह, उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, नव निर्वाचित पार्षद सलोनी राणा, अनिल शर्मा, सोहन अग्रवाल, प्रीतेश अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल, हर्षल गोयल, भावेश सावले व अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## हरी कीर्तन एवं भोजन का किया आयोजन



**पानसेमल।** नगर में ब्रम्हलीन मां आरतीदास उदासीन माताजी की जयंती पर रात्रि हरी कीर्तन एवं भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। प्रति वर्ष 31 दिसंबर को रात्रि में होने वाले इस कार्यक्रम में ठीकरी गोशाला के महंत किशनदास उदासीन महाराज, बालकमुनि कोतवाल, सियाराम मुनि व अन्य महंत एवं महाराज सम्मिलित हुए। श्रीराम कुटिया से जुड़े साधकों एवं सेवादारों ने दाल बाटी, चावल, हलवा, पापड़, गुलाब जामुन की प्रसादी वितरित की। सेवकों ने बताया कि रात्रि हरि कीर्तन में खड़ीखम, लंगड़ी, गदढ़देव, पानसेमल सहित आसपास के ग्रामों से भजन मंडली के सदस्यों द्वारा रात्रि में हरि कीर्तन एवं गुरु भजन किया जाता है। नगर व आसपास से भक्त प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। सेवादारों ने बताया कि कुटिया साधु संत के निवास के लिए एक पक्के भवन एवं ट्यूबवेल की आवश्यकता है। वर्तमान में नर्मदा परिक्रमा वासियों को भोजन की व्यवस्था दी जाती हैं। ब्रह्मलीन माताजी द्वारा करीब 50 वर्षों से श्रीराम कुटिया में सेवा की जा रही थी, करीब 25 वर्षों से ब्रम्हलीन माताजी की जयंती पर यह आयोजन किया जारी है। आपको बता दे भारत को हिंदू राष्ट्र एवं गोमाता को राष्ट्र माता बनाने के लिए बालकमुनि कोतवाल द्वारा जलधारा की तपस्या भी यही पर की जा रही है।

# शोभायात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

## कथा के शुभारंभ से पूर्व राजराजेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया

**सेंधवा,** नववर्ष के पावन अवसर पर नगर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति व उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रथम दिन निंबार्काचार्य श्रीजी महाराज श्री श्यामशरण देवाचार्य ने कथा वचन में कहा माँ नर्मदा के निकट भागवत कथा होना परम सौभाग्य पूर्ण है। साथ ही निंबार्काचार्य पीठाधीश्व श्री राधासर्वेश्वर शरणदेवचार्य श्री श्रीजी महाराज के निकुंज प्रवेश तिथि व स्व विष्णुप्रसाद यादव की स्मृति में जिनका सम्पूर्ण जीवन हमेशा गौ सेवा, संत सेवा, मानव सेवा में अग्रणी रहे। इसे भक्त की स्मृति में भागवत कथा होना। परम सौभाग्य है। मानव जीवन के सार्थक करने के लिए भगवान का स्मरण करने से हमारे जीवन का कल्याण होता है। भगवान की दिव्य कथा से ही जीवन का कल्याण होता है पुण्य मिलता है जब हमें भागवत कथा का पुण्य मिलता है। कथा के पहले दिन कथा आयोजक स्व विष्णुप्रसाद यादव के परिजन नपा







अध्यक्ष बसंती बाई यादव, पुत्र संजय यादव, जितेंद्र यादव, श्रीप्रसाद यादव तथा अंतरसिंह आर्य, सत्यनारायण यादव, ओमप्रकाश यादव, वासुदेव यादव, प्रहलाद यादव, दामोदर शर्मा, जयंत शर्मा, राजेंद्रसिंह रघुवंशी, चेतन अग्रवाल, राजेश सोनी, नरेंद्र तायल, डॉ दिनेश गौड़, गिरवर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, गोपाल यादव, चंदेभागे किराड़े, मोतीलाल चौधरी, श्याम लाठी हरदा ने भागवत व आचार्य का पूजन कर गुरुजी का आशीर्वाद लिया।

कथा के शुभारंभ से पूर्व राजराजेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

शोभायात्रा जिस मार्ग से गुजरी, वहां स्वागत के लिए बैनर-पोस्टर लगाए गए, गुब्बारों से सड़क को सजाया तथा जगह-जगह आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। मार्ग में सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर निंबार्काचार्य जी, भागवत कथा पोथी एवं शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया गया।भागवत कथा के यजमान जितेंद्र यादव सपत्नी श्रद्धापूर्वक भागवत कथा की पोथी को मस्तक पर धारण कर निंबार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज श्री श्यामशरण देवाचार्य के साथ पैदल चलते हुए नजर आए, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का विशेष केंद्र रहे।शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड-बाजों के साथ अलीराजपुर से आए आदिवासी युवक-युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य करते हुए चल रहे थे। जिला जनपद सदस्य कविता आर्य एवं जनपद अध्यक्ष लता पटेल भी आदिवासी पोशाक में लगभग 100 से अधिक जनजातीय महिलाओं के साथ शोभायात्रा में शामिल हुई, जिससे सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया गया। शोभायात्रा में श्रीकृष्ण-राधा की सजीव झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं देश की चार वीर वीरांगनाएं घोड़े पर सवार होकर निकलीं, जिन्होंने शौर्य और नारी शक्ति का संदेश दिया। बग्गी में बड़े गुरुजी अनंत श्रीविभूषित जगद्गुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री राधासर्वेश्वर शरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज का चित्र विराजमान था, जिसके पीछे 171 महिलाएं धार्मिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में केसरिया ध्वज लहराते हुए भक्तिभाव के जयकारे लगाती रही। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा दोपहर 12.15 बजे राजराजेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर लगभग 1.30 बजे कथा स्थल पर पहुंची। कथा स्थल के समीप निंबार्काचार्य श्रीजी महाराज श्री श्यामशरण देवाचार्य की कुटिया बनाई है, जहां धार्मिक वातावरण को साकार करने हेतु गाय-बछड़े को भी रखा गया है। पंडाल के पास भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सात दिनों तक चलने वाली इस संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा से नगर में आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा है और श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण के लिए उमड़ रहे हैं।

**लिया आशीर्वाद**

- भागवत व आचार्य का पुजन कर लिया आशीर्वाद।

# वक्ताओं ने कहा - बीईओ के रूप में शर्मा ने निवाली विकास खंड की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली, 02 जनवरी.**

विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी पीसी शर्मा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थाओं द्वारा जगह-जगह विदाई समारोह आयोजित किए गए। विदाई समारोह के दौरान पीसी शर्मा को विदाई जुलूस निकाला गया।

जिसका जगह-जगह पर पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी की गई। वहीं तिलक लगाकर विदाई दी, जिसमें निवाली विकास खंड के सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। जिसमें जानकारी देते हुए महेंद्र गोयल एवं ओम राठौर ने बताया कि शिक्षक संघ विकासखंड एवं सांदीपनि स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







शर्मा के सम्मान में श्री खेड़ापति सेवा संस्थान, पत्रकार संघ, नगर परिषद, शिक्षक संघ, तहसील कार्यालय, सांदीपनि स्कूल, वझर संकुल, कानपुरी संकुल, बालक संकुल, कन्या संकुल, चाटली संकुल सहित अन्य सामाजिक व शासकीय संस्थाओं द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी संस्थाओं ने उनके सरल, सौम्य एवं सहयोगात्मक कार्यशैली की प्रशंसा की।

वक्ताओं ने कहा कि बीईओ के रूप में प्रकाशचंद्र शर्मा ने निवाली विकासखंड की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया। विद्यालयों की नियमित समीक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण, शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विद्यार्थियों के हित में लिए गए निर्णय उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां रही। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ मुकेश डांगी, पूर्व छात्रा पायल ओमप्रकाश राठौड़, पीसी शर्मा की पुत्री ने वीडियो क्लिप के जरिए पर्दे पर शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में तहसीलदार कार्तिक मौर्या, नायब तहसीलदार अर्चना गिरवाल, थाना प्रभारी आरके लोवंशी, सीईओ विरल पटेल, बीआरसी महेंद्र राठौर, समाजसेवी भगवान बंसल, दिनदयाल मेवाडे, शितल शर्मा, पंकज चौहान, भीमराज पवार, वाइस शेख, संतोष शितोले, सतू मंडलोई, हारून खान, दीपक राठौड़, अमरसिंह सिसोदिया, सुभाष भालसे, सुनील कोष्टी, राजेंद्र पीपलोदे, जगदीश पाटिल, शांति पवार, शीतल पटेल, संगीता सत्या एवं समस्त ब्लॉक के शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र गोयल ने किया।

# 311 ऐप पर 112 गंदे पानी व 80 लीकेज की शिकायत

- पिछले दो महीनों में 350 से ज्यादा पानी की शिकायत
- अधिकारी शिकायतों की संख्या घटाते दिखे

**इंदौर। नगर निगम ने 311 एप पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से रहवासियों ने नर्मदा जल वितरण को लेकर गंदे पानी और लीकेज की शिकायत दर्ज की। उक्त शिकायतों का निगम के अधिकारियों ने निराकरण नहीं किया। इसके बाद भागीरथपुरा में कांड हो गया और अधिकारी 311 एप पर दर्ज शिकायतों की संख्या घटाने नजर आए।**

नगर निगम में सीएम हेल्पलाइन को तरह ही महापौर हेल्प लाइन या निगम हेल्प लाइन 311 ऑनलाइन एप है। उक्त 311 एप पर पिछले दो महीनों में 350 से ज्यादा शिकायत सिर्फ नर्मदा जल वितरण की समस्या को लेकर की



गई हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से रहवासियों ने गंदा पानी सप्लाई, लीकेज और पानी नहीं आने के शिकायत निगम एप 311 पर दर्ज करवाई। इसमें से 112 शिकायत सिर्फ गंदा, बदबूदार और ड्रेनेज मिला पानी आने की गई है। साथ ही 80 शिकायत नर्मदा लाइन में लीकेज होने की भी की गई।

शहर में 311 एप के लिए प्रचारित किया गया था कि उक्त एप पर शिकायत करने पर समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा।

## बी एड कॉलेज के वरिष्ठ व्याख्याता शुक्ला का सेवानिवृत्ति समारोह



**देवास।** शासकीय शिक्षा महाविद्यालय देवास में वरिष्ठ व्याख्याता के पद पर कार्यरत दीपक शुक्ला का 38 वर्ष की शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के अभिजीत सिंह बैस ने बताया कि श्री शुक्ला के सेवानिवृत्ति समारोह महाविद्यालय के बी एड के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित कर श्री शुक्ला को पुष्पमाला पहनाकर, अलग अलग उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम पश्चात शुक्ला को ढोल धमाकों के साथ आतिशबाजी करते हुए बग्घी पर बैठाकर उनके निवास पर छोड़ा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक शुक्ला और अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार तोमर ने की। तोमर ने शुक्ला को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु, स्वस्थ और यशस्वी जीवन की मंगल कामनाएं की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर दीपक शुक्ला द्वारा अपने सेवा कल के संस्मरण सभी के साथ साझा किये।

## गंदे पानी की शिकायतों के बाद लिया फैसला, हर दो घंटे में होगी पानी की जांच

**महापौर ने की समीक्षा बैठक**

**देवास।** महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर में शुद्ध पीने के पानी को लेकर निगम के जल प्रदाय विभाग के अधिकारी एवं जल वितरण में लगे सभी कर्मचारी और सुपरवाइजरों के साथ आहूत बैठक में विस्तृत चर्चा की। महापौर ने शहर में जल वितरण पर पूरी तरह से जानकारी लेते हुए प्रत्येक वार्ड से सुपरवाइजर के द्वारा किसी भी प्रकार का गंदे पानी की शिकायत या वितरण में कोई समस्या है उस पर जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए. महापौर ने शहर में जल वितरण में लगे सभी सुपरवाइजरों से पृथक पृथक से वार्डों की जानकारी ली जिसमें कुछ वार्डों में कुछ स्थानों पर गंदे पानी की शिकायतें प्राप्त हो रही है या हुई है, उस पर किए जा रहे हैं कार्यों की भी समीक्षा की। शहर में किये जा रहे



जल वितरण का समय भी पूछा समय पर जल वितरण हो रहा है, कुछ वार्डों में गंदे पानी की शिकायत प्राप्त होने पर उस समस्या का निराकरण हुआ, उस पर तथा शुद्ध जल वितरण समय पर, दिए जाने के लिए कर्मचारी एवं अधिकारियों को महापौर ने बधाई भी दी, कुछ वार्डों में पानी का प्रेशर सही नहीं होने से पानी के प्रेशर को सुधारे जाने हेतु कहा । अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने की कार्रवाई के लिए महापौर ने 15 दिवस निर्धारित किया है ,15 दिवस में अधिक से अधिक अवैध कनेक्शनों को वैध करने तथा उसकी प्रगति रिपोर्ट समक्ष में प्रस्तुत करने हेतु सभी वार्ड उपयंत्री एवं सुपरवाइजरों को कहा। जिन घरों के सामने नल कनेक्शन के अगर गड्ढे हैं तो वहां लाइन सुधार कार्य कर गड्ढे भरवाने को कहा, ताकि उसमें एकत्रित पानी से लाइनों में गंदा पानी नहीं जावे। साथ ही वार्डों में डाली जा रही अमृत 2.0 .की लाइन पर भी चर्चा करते हुए उसमें हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्य कराने हेतु दिशा निर्देश दिए. अमृत2.0 की डाली जा रही लाइन में लेबलिंग तथा नागरिकों को दिए जा रहे हैं नल कनेक्शन पर भी आक्रोश व्यक्त किया, कंपनी के द्वारा नागरिकों को दिए जा रहे नल कनेक्शन में अतिरिक्त राशि लिए जाने की शिकायत महापौर को प्राप्त हुई, उस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए महापौर ने सख्त लहजे में व्यवस्था सुधार के लिए अधिकारियों को तथा कंपनी के टीम लीडर को निर्देश दिए, आगामी दिनों में इस प्रकार की कोई समस्या प्राप्त होती है तो कंपनी पर कार्रवाई की जाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री इंदु प्रभा भारती को दिए ।अमृत 2.0 के अंतर्गत वार्ड में डाली जा रही लाइनों में री रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता से हो . गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए।





## प्रदेश महिला कांग्रेस ने संजीवनी क्लिनिक पर किया प्रदर्शन

इंदौर . शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में गंदे पानी से सैंकड़ों बीमार होने पर प्रदेश महिला कांग्रेस ने क्षेत्र के संजीवनी क्लिनिक पर प्रदर्शन किया. इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मुआवजा राशि बढ़ाने और निगम अधिकारियों पर कारवाई की मांग की है. प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस ने जमकर भाजपा सरकार और परिषद के खिलाफ नारेबाजी की.

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के नेतृत्व में आज भागीरथपुरा में स्थित संजीवनी क्लिनिक पर प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन के समय महापौर संजीवनी क्लिनिक में मौजूद थे. इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा सरकार और स्थानीय बीजेपी परिषद के खिलाफ खूब नारेबाजी की गई. महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि 8 में से 6 महिलाओ की मौत हुई है। सरकार झूठ बोल रही है कि निशुल्क उपचार किया जा रहा है. एक महिला को 40 हजार रुपए इलाज के देना पड़े है. वहीं मृतकों को मुख्यमंत्री 2 लाख देने का कह रहे है. हमारी मांग है कि मृतकों को 8 - 8 लाख रुपए दिए जाए . साथ निगम के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया और संजीव श्रीवास्तव पर कारवाई की जाए.

**अलर्ट** क्षेत्र में लगातार बनी हुई है सीवरेज समस्या, लाइन बार-बार चौक होने से घरों में वापस आने लगता है गंदा पानी

# शहर के संयोगितागंज में कभी भी हो सकता है भागीरथपुरा जैसा कांड



इंदौर. भागीरथपुरा में दूषित पानी के तांडव ने पूरे शहर को दहशत में ला दिया है. भागीरथपुरा जैसी स्थिति शहर के अनेक हिस्सों में व्याप्त है. शहवासी सीवरेज लाइन की समस्या से भी जूझ रहे हैं. सीवरेज लाइन की गंभीर समस्या संयोगितागंज क्षेत्र में भी लगातार बनी हुई है. सीवरेज लाइन चौक होने के साथ ही आसपास के इलाकों में सीवरेज लाइन बार-बार चौक हो जाती है, जिससे गंदा पानी घरों में वापस आने लगता है. कई स्थानों पर चैंबर ओवरफ्लो होकर सडकों पर बह रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है. लोगों का कहना है कि इसे शीघ्र दुरुस्त नहीं किया गया तो भागीरथपुरा जैसे कांड की पुनरावृत्ति यहां हो सकती है.

मामला वार्ड क्रमांक 55 से सामने आया है. यह वार्ड संयुक्त संयोगितागंज छावनी में आता है क्षेत्र के नारायण दूध वाले मार्ग की गली नंबर 7-8 में सीवरेज लाइन की गंभीर समस्या सामने आई है. सडकों पर बहती सीवरेज की गंदगी के कारण बदबू के साथ-साथ मच्छर, मक्खी और अन्य कीड़े-जंतु पनप रहे हैं. स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इस स्थिति के चलते पेट से जुड़ी बीमारियां, त्वचा रोग और संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है. बावजूद इसके कई बार शिकायत करने के बाद भी सीवरेज लाइन की सफाई और मरम्मत नहीं की गई. हाल ही में भागीरथपुरा में दूषित पानी की घटना ने लोगों की चिंता जरूर बढ़ाई है, लेकिन संयोगितागंज में प्राथमिक समस्या सीवरेज लाइन की बदहाली ही बनी हुई है. रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सीवरेज लाइन की तत्काल जांच कर सफाई और सुधार कार्य कराए जाएं, ताकि गंदगी और बीमारियों से क्षेत्र को बचाया जा सके.

### क्या कहते हैं रहवासी...



सीवरेज लाइन से होने वाली समस्याओं से क्षेत्र के रहवासी पिछले कई समय से काफी परेशानियां उठाते आ रहे हैं. बार-बार सफाई होने के बावजूद चेंबर से गंदगी बहती रहती है.

**- अर्पित मगरे**



हाल ही में हुई भागीरथपुरा की दुखद घटना से लोगों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है. इसको देखते हुए नगर निगम को जल्दी कड़े कदम उठाना चाहिए.

**- पंकज मित्तल**



लाइन पुरानी हो चुकी है, जिसकी मरम्मत जल्दी करनी चाहिए. इस कारण नलों से बहुत गंदा और बदबूदार पानी आता है. जरा सी चूक होने पर बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है.

**- मोहम्मद आसिफ खोकर**

### अधिकारियों ने अटका रखी है सीवरेज लाइन संबंधी फाइल



सीवरेज लाइन के लिए फाइल लगा रखी है, लेकिन आगे से अधिकारी साइन नहीं कर रहे हैं. मैं पूरा प्रयास कर रही हूं, ताकि लोगों की समस्याओं का निराकरण हो सके.

**- पंखुड़ी जैन, पार्षद**